कार्यालय जिलाधिकारी, बांदा
प्रेस विज्ञप्ति
राजस्व विभाग, उ0प्र0
लेखपाल भर्ती परीक्षा–2015

जनपद का नाम– बांदा **परीक्षा का नाम:– लेखपाल राजस्व**

विज्ञापन संख्या– 824 / भूलेख, दिनांकः 17 जून 2015,

आवेदन पत्र स्वीकार (**SUBMIT**) किये जाने की अन्तिम तिथि– 22 जुलाई 2015

परीक्षा शुल्क बैंक में जमा करने की अन्तिम तिथि– 21 जुलाई 2015

प्रतियोगितात्मक परीक्षा द्वारा लेखपाल के पद पर चयन हेतु भारत के नागरिको से निर्धारित प्रारूप पर आन लाइन आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है। लिखित परीक्षा दिनांक 30 अगस्त, 2015 को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। परीक्षा के समय तथा स्थल का उल्लेख प्रवेश पत्र पर उल्लिखित रहेगा, जिसे अभ्यर्थियो द्वारा आन लाइन प्राप्त किया जा सकता है।

रिक्तियो का विवरण

कम	पदनाम	दिनांक 01.07. 2015 को आयु	वेतन मान	कुल रिक्त पदो की संख्या	अनारक्षित वर्ग	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	पद हेतु शैक्षिक अर्हता	पद हेतु अधिमानी अर्हता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	लेखपाल	न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 40वर्ष	रू0 5200–20200 (ग्रेड पे 2000)	99	68	28	03	0	माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 की इण्टरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य परीक्षा में उत्तीर्ण।	1.प्रादेशिक सेना में न्यूनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो, या 2.राष्ट्रीय कैडिट कोर का "बी" प्रमाण पत्र प्राप्त किया हों।

1. लेखपाल पदो की भर्ती उ0प्र0 लेखपाल सेवा नियमावली 2006 यथा संशोधित 2014 एवं समय समय पर जारी किये गये शासनादेश एवं परिषदादेश के अनुसार लिखित वस्तुनिष्ठ परीक्षा 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा।

2 दिनांक–01 जुलाई 2015 को अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है साथ ही उक्त दिनांक को अभ्यर्थी की आयु 40वर्ष से अधिक न हो। **रिक्त पदो की संख्या को बढ़ाया या कम किया जा सकता है (आरक्षित श्रेणी सहित)।** अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षण विद्यमान शासकीय नियमो के अनुसार दिया जायेगा। इसी प्रकार क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत आने वाली श्रेणियों यथा उ0प्र0 के स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियो के आश्रित, उ0प्र0 के भूतपूर्व सैनिको, उ0प्र0 समाज के विकलांगो तथा उ0प्र0 की महिला अभ्यर्थियो को भी विद्यमान अद्यतन शासकीय नियमो के अनुसार रिक्तियां बनने पर आरक्षण अनुमन्य होगा।

3. आन–लाइन फार्म दिनांक–22.06.2015 से दिनांक–22.07.2015 तक जमा किये जा सकेंगे। सामान्य और पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियो से रू0 300/– (+ बैक प्रभार अतिरिक्त) तथा उ0प्र0 के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियो को रू0 150/–(+ बैक प्रभार अतिरिक्त) का आवेदन शुल्क ई– चालान के माध्यम से जिलाधिकारी बांदा के पक्ष में देय होगा, जिसका उल्लेख आन–लाइन आवेदन प्रपत्र पर किया जायेगा।

4. प्रदेश के सभी जनपदो में परिषद द्वारा निर्धारित तिथि व समय पर लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। आवंटित परीक्षा केन्द्र पर ही अभ्यर्थियो को परीक्षा देनी होगी। परीक्षा केन्द्र परिवर्तन अनुमन्य नही होगा तथा इस सम्बन्ध में कोई भी प्रार्थना पत्र स्वीकार नही होगा।

5. परीक्षा वस्तुनिष्ठ 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा, परीक्षा सम्बन्धी जानकारी के सम्बन्ध में तिथि, समय और परीक्षा एवं साक्षात्कार के आयोजन स्थल उम्मीदवारो को ई–प्रवेश पत्र के माध्यम से अभ्यर्थियो द्वारा डाउनलोड किया जायेगा, जो कि परिषद की वेवसाइट http://bor.up.nic.in और जिले की वेवसाइट http://banda.nic.in पर उपलब्ध होगा।

6. आन लाइन आवेदन का प्रारूप, आफ लाइन परीक्षा सम्बन्धी निर्देश अन्य सामान्य निर्देश एवं परीक्षा सम्बन्धी अन्य प्रसांगिक जानकारी व सम्पूर्ण विवरण दिनांक–22.06.2015 से परिषद की वेवसाइट http://bor.up.nic.in पर और जिले की वेवसाइट http://banda.nic.in पर उपलब्ध हो जायेगा।

17/6/15

(सुरेश कुमार)
अध्यक्ष, चयन समिति/जिलाधिकारी
बांदा।